प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 31.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि इससे विकसित भारत का सपना साकार होगा। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देश की भाषाई विविधता की सराहना की और इसे भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया। भाषाओं को एकता का प्रतीक बताते हुए प्रधानमंत्री ने सभी भारतीय भाषाओं के प्रचार और संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रांची स्थित राज भवन में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और रियासतों के एकीकरण से आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने इस अवसर पर राज्यवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

****

इधर गिरिडीह में भी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में डीसी रामनिवास यादव, एसपी डॉ. विमल कुमार सहित स्कूली बच्चों और अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने एकता के नारे लगाए। इस अवसर पर एसपी डॉ. विमल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो योगदान दिया, वह हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

****

जमशेदपुर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर श्रद्धा और उत्साह के साथ समारोह आयोजित किया गया। बिस्टुपुर–आदित्यपुर गोलचक्कर स्थित उनकी प्रतिमा पर सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक पूर्णिमा दास साहू सहित कई जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि सरदार पटेल ने आज़ादी के बाद देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के सपने को साकार किया।

****

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने नई दिल्ली स्थित शक्ति स्थल पर इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खरगे ने कहा कि इंदिरा गांधी ने राष्ट्र की सेवा और उसकी अखंडता की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

****

राज्य के गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जिले के 48 प्रवासी मजदूर अफ्रीका के ट्यूनीशिया में पिछले तीन महीने से फंसे हुए हैं और उन्हें कंपनी की ओर से मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों ने वीडियो संदेश जारी कर बताया कि उनके पास खाने–पीने तक के पैसे नहीं बचे हैं और वे गंभीर संकट में हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से अपने बकाया वेतन के भुगतान और सुरक्षित स्वदेश वापसी की गुहार लगाई है।

****

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से राज्य के अधिकांश जिलों में लगातार बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है और ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह प्रणाली उत्तर–उत्तर–पूर्व की ओर बढ़ते हुए बिहार की दिशा में जा रही है और कल तक कमजोर पड़ने की संभावना है। राज्य में पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 75 मिमी बारिश पश्चिमी सिंहभूम के सोनुवा में रिकॉर्ड की गई, जबकि रांची में 10 मिमी और झिकपानी में 73.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई।